भारतीय डाक विभाग
DEPARTMENT OF POSTS
INDIA



FIFA विश्व कप 2014

2014 FIFA World Cup™

विवरणिका BROCHURE

भारतीय डाक
India Post

तकनीकी आंकड़े
TECHNICAL DATA

जारी करने की तारीख	:	12 जून, 2014
Date of Issue	:	12 June, 2014
मूल्यवर्ग	:	500 पै. (2), 2500 पै. (2)
Denomination	:	500 p (2), 2500 p (2)
मुद्रित डाक टिकटें	:	9 लाख प्रत्येक
Stamps Printed	:	0.9 million each
मिनिएचर शीट	:	4 लाख
Miniature Sheet	:	0.4 million
मुद्रण प्रक्रिया	:	वेट ऑफसेट
Printing Process	:	Wet Offset
मुद्रक	:	भारत प्रतिभूति मुद्रणालय, नाशिक
Printer	:	India Security Press, Nashik

© डाक विभाग, भारत सरकार। डाक–टिकट, प्रथम दिवस आवरण तथा सूचना विवरणिका के संबंध में सर्वाधिकार विभाग के पास है।

© Department of Posts, Government of India. All rights with respect to the stamp, first day cover and information brochure rest with the Department.

मूल्य ₹ 5.00

FIFA विश्व कप, 2014

अंतर्राष्ट्रीय फुटबाल परिसंघ 12 जून, 2014 से ब्राजील में 20वां फीफा विश्व कप आयोजित कर रहा है। महीने भर चलने वाली फुटबाल की यह प्रतियोगिता साहस, उत्साह और हिम्मत की सबसे कड़ी परीक्षा है। प्रत्येक चार वर्ष में होने वाली इस स्पर्धा का लोग बेसब्री से इंतजार करते हैं।

फुटबाल के शासकीय निकाय, अंतर्राष्ट्रीय फुटबाल परिसंघ की स्थापना मई, 1904 में पेरिस में की गई थी। मूलतः इसमें सात सदस्य थे – फ्रांस, बेल्जियम, डेनमार्क, नीदरलैंड, स्पेन (जिसका प्रतिनिधित्व मैड्रिड फुटबाल क्लब करता है), स्वीडन और स्विट्जरलैंड। यह परिसंघ ज्यूरिक में स्थित है और इस पर स्विस कानून लागू होते हैं। इस परिसंघ में 209 सदस्य हैं। इस परिसंघ का लक्ष्य फुटबाल के खेल में निरंतर सुधार करना है, जिसकी व्यवस्था इसके विधान में भी की गई है। फीफा में 35 से भी अधिक देशों के 310 लोग कार्यरत हैं। इस परिसंघ में एक कांग्रेस (विधायी निकाय), कार्यकारी समिति (कार्यकारी निकाय), सामान्य सचिवालय (प्रशासनिक निकाय) और समितियां (जो कार्यकारी समिति की सहायक हैं) हैं।

यह परिसंघ हर चौथे वर्ष विश्व कप आयोजित करता है। वर्ष 1930 में, उरूग्वे में आयोजित प्रथम मुकाबले के बाद से फीफा द्वारा अयोजित किए जाने वाले विश्व कप की लोकप्रियता तथा प्रतिष्ठा में निरंतर वृद्धि हुई है। विश्व की सर्वश्रेष्ठ राष्ट्रीय फुटबाल टीमों को विश्व चैंपियन के खिताब के लिए मैदान में उतारने के मूल विचार का श्रेय जूले रिमे को प्राप्त है। इसे 1930 के दशक में उरूग्वे, इटली तथा फ्रांस में तीन बार आयोजित किया गया है। इसके बाद, द्वितीय विश्व युद्ध के कारण इस मुकाबले का आयोजन 12 वर्ष तक बाधित रहा। फीफा विश्व कप का आयोजन 1950 में दोबारा शुरू हुआ तथा तब इसकी मेजबानी ब्राजील ने की थी। तब से विभिन्न महाद्वीपों के 15 देश इस मुकाबले की मेजबानी कर चुके हैं।

ब्राजील में आयोजित होने वाला 2014 फीफा विश्व कप खेलों की दुनिया का बहुप्रतीक्षित आयोजन है। 2014 फीफा विश्व कप, ब्राजील 'खेल का विकास, विश्व का परिवर्तन और बेहतर भविष्य का निर्माण' (डेवेल्प द गेम, टच द वर्ल्ड, बिल्ड ए बेटर फ्यूचर) के अपने मिशन को सार्थक सिद्ध करते हुए पर्यावरण तथा पारिस्थिति की के महत्व का संदेश देगा। इसका शुभांकर 'फ्यूलेको' पर्यावरण के बारे में जागरूकता फैलाने में महत्वपूर्ण भूमिका अदा कर सकता है। फ्यूलेको शब्द 'फुटबाल' और 'इकोलोजिया' (पारिस्थितिकी) शब्दों के संयोजन से निर्मित है।

इस वर्ष 32 टीमों को 8 ग्रुपों (ए से एच) में बांटा गया है। प्रत्येक ग्रुप में 4 टीमें हैं। मुकाबलों का आयोजन 12 जून, 2014 से 13 जुलाई, 2014 तक किया जाएगा। प्रतिस्पर्धा का प्रारंभ ग्रुप मुकाबलों से होगा, जिसके बाद राउंड ऑफ 16, क्वार्टर फाइनल, सेमी फाइनल और अंततः 13 जुलाई, 2014 को फाइनल का आयोजन किया जाएगा।

इस उपलक्ष्य में, भारतीय डाक चार डाक–टिकटों का एक सेट तथा एक मिनिएचर शीट जारी कर रहा है। इन पर मैदान में चल रहे मुकाबले तथा FIFA विश्व कप, 2014 के उद्घाटन समारोह में इसके शुभांकर फ्यूलेको का अंकन किया गया है। ये डाक टिकटें भारत और विश्व भर के फुटबाल प्रेमियों के प्रति उपयुक्त आभार की अभिव्यक्ति है।

आभार:

पाठ	:	फीफा की वेबसाइट से प्राप्त सूचना पर आधारित
डाक टिकट / प्रथम दिवस आवरण	:	कमलेश्वर सिंह
विरूपण	:	अलका शर्मा

2014 FIFA WORLD CUP™

The Fédération Internationale de Football Association (FIFA) is organizing the 20th FIFA World Cup from 12th June, 2014 at Brazil. The month long football battle, an ultimate test of endurance, zeal and mettle, is an eagerly awaited championship every four years.

The Fédération Internationale de Football Association (FIFA), the governing body of football, was founded in May, 1904 in Paris with seven original members: France, Belgium, Denmark, the Netherlands, Spain (represented by Madrid FC), Sweden and Switzerland. This association is governed by the Swiss law and based in Zurich. It has 209 member associations and its goal, enshrined in its Statutes, is the constant improvement of football. FIFA employs some 310 people from over 35 nations and is composed of a Congress (legislative body), Executive Committee (executive body), General Secretariat (administrative body) and committees (assisting the Executive Committee).

This association is responsible for holding the World Cup every four years. Ever since the first competition in Uruguay in 1930, FIFA's flagship has constantly grown in popularity and prestige. The original idea of bringing the world's strongest national football teams together to compete for the title of World Champions is credited to Jules Rimet. World Cup was organised three times in the 1930s in Uruguay, Italy and France, before the Second World War put a 12-year stop to the competition. When it resumed in 1950, the FIFA World Cup was hosted by Brazil. Since then the tournament has been hosted by 15 countries across all the continents.

The 2014 FIFA World Cup in Brazil is one of the most awaited sporting events. Remaining true to its mission *'Develop the game, touch the world, build a better future'* the 2014 FIFA World Cup, Brazil has taken up the task to communicate the importance of the environment and ecology. Its mascot *Fuleco* can play a key role in creating environmental awareness. The term is a fusion of two words *'fotebal'* and *'ecologia'*.

This year 32 teams have been divided into eight groups (A-H) with each group comprising of 4 teams. The matches will be played from 12th June, 2014 to 13th July, 2014. The competition will start with the Group Matches followed by the Round of 16, Quarter Finals, Semi Finals and the Finals on 13th July, 2014.

To mark the occasion, India Post is releasing a set of four stamps and a miniature sheet depicting action on the field and the mascot Fuleco on the day of the opening ceremony of the 2014 FIFA World Cup. The stamps are an apt tribute to the football lovers in India and the world.

Credits:

Text	:	Based on the information from the FIFA website
Stamp/FDC	:	Kamleshwar Singh
Cancellation	:	Alka Sharma

© The Official Emblem and Official Mascot of the 2014 FIFA World Cup Brazil™ and the FIFA World Cup Trophy are copyrights and trademarks of FIFA. All rights reserved. Manufactured under license by INDIA POST. Made in INDIA.

FIFA विश्व कप 2014

2014 FIFA World Cup™

प्रथम दिवस आवरण FIRST DAY COVER





12.06.2014

नई दिल्ली 110001 NEW DELHI





12.06.2014

नई दिल्ली 110001 NEW DELHI

